RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : गुरुवार 09 नवंबर 2023 | वर्ष 05 | अंक 198 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक
# रोकठोक लेखनी
®
खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

## मुंबई में सोना-चांदी गलाने वाले यूनिट के खिलाफ
# बीएमसी की बड़ी कार्रवाई !

**बृहन्मुंबई महानगरपालिका ने मुंबई में वायु प्रदूषण की बिगड़ती स्थिति के बीच दक्षिण मुंबई के कालबादेवी और झवेरी बाजार इलाके में सोने और चांदी गलाने वाली इकाइयों की चार चिमनियों को ध्वस्त कर दिया. अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी.**



बीएमसी अधिकारियों के अनुसार, उनके 'सी-वार्ड' ने इकाइयों के खिलाफ कार्रवाई की क्योंकि वे महानगर में वायु प्रदूषण बढ़ा रहे थे. आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, बुधवार को मुंबई का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) लगभग 150 या ''मध्यम'' श्रेणी में रहा. आभूषण बनाने के व्यवसाय और संबंधित गतिविधियों के तहत इन गलन इकाइयों में सोने और चांदी को पिघलाया जाता है, जो ज्यादातर छोटे पैमाने के कारखाने होते हैं. बीएमसी के अधिकारियों ने कहा कि जब कीमती धातुओं को भट्ठी में

### ध्वस्त की गईं चिमनियां...

पिघलाया जाता है तो इस क्रिया के बाद निकलने वाले गैस चिमनी के माध्यम से हवा में छोड़े जाते हैं.

**बीएमसी कर रही सड़कों पर छिड़काव**

निर्देश पर कार्रवाई करते हुए बीएमसी ने धूल नियंत्रण के लिए लगभग 650 किलोमीटर लंबी सड़क पर पानी के छिड़काव सहित सभी 24 नगर निगम वार्ड में प्रदूषण के खिलाफ कदम उठाना शुरू कर दिया है. बीएमसी ने हाल में मुंबई में वायु प्रदूषण को कम करने के लिए नए दिशानिर्देश जारी किए हैं. इसने 'डेवलपर' और बुनियादी ढांचे का काम करने वालों को अपने निर्माण स्थलों पर स्प्रिंकलर (पानी का छिड़काव करने वाली) और 'फॉगिंग' मशीनें खरीदने के लिए एक महीने का समय दिया है. इसका पालन नहीं करने की स्थिति में कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है.

### सीएम शिंदे के निर्देश के बाद हो रही कार्रवाई...

**अधिकारियों ने कहा कि जब ऐसे धुएं को वैज्ञानिक उपचार के बिना छोड़ा जाता है, तो वे मानव स्वास्थ्य के लिए खतरा पैदा करते हैं. बीएमसी के एक अधिकारी ने कहा कि ये खतरनाक गैसें प्रदूषण को बढ़ाती हैं, इसलिए बीएमसी ने वायु प्रदूषण मानदंडों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ अभियान शुरू किया है. बीएमसी द्वारा बुधवार को जारी बयान के अनुसार, महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे ने बीएमसी को मुंबई में वायु प्रदूषण और धूल को नियंत्रित करने के लिए उपाय करने का निर्देश दिया है.**

## 17 साल की लड़की चला रही थी
# सेक्स-रैकेट...
## पुलिस ने होटल से 4 को छुड़ाया

**84 हजार कैश और 1.5 लाख के फेक नोट बरामद...**



मुंबई/ठाणे: महाराष्ट्र पुलिस ने नवी मुंबई में एक सेक्स रैकेट का पदार्फाश किया है। पुलिस ने नवी मुंबई के एक होटल से चार लड़कियों को छुड़वाया है। इनसे वेश्यावृति का काम लिया जा रहा था। इस सेक्स रैकेट को होटल के जरिए मुंबई के मलाड में रहने वाली एक लड़की चला रही थी। इस लड़की की उम्र महज 17 साल निकली है।

पुलिस ने जिन महिलाओं को छुड़वाया है। उनमें दो बिहार की रहने वाली हैं जबकि एक महिला नेपाल की रहने वाली है। ये काम की तलाश में मुंबई पहुंची थी।

**ग्राहक भेजकर की छापेमारी**

एपीएमसी थाने के एक अधिकारी ने बताया कि एक गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस के मानव तस्करी रोधी प्रकोष्ट के दल ने मंगलवार को वाशी इलाके में स्थित एक होटल में फर्जी ग्राहक भेजकर छापा मारा। उन्होंने प्राथमिकी का हवाला देते हुए कहा कि मुंबई के मलाड की रहने वाली आरोपी लड़की देह-व्यापार के धंधे से प्राप्त धन का कुछ हिस्सा पीड़ितों को देती थी और बाकी अपने पास रखती थी। 17 साल लड़की द्वारा कथित तौर पर चलाए जा रहे देह-व्यापार रैकेट के धंधे में धकेली गई चार लड़कियों को बचाया गया। मामले की जांच की जा रही है।

### 20 साल की उम्र की लड़कियां

**होटल में छापेमारी के बाद पुलिस ने लगभग 20 साल की उम्र की चार महिलाओं को बचाया। अधिकारी ने बताया कि दो महिलाएं बिहार की और एक महिला नेपाल की रहने वाली है। उन्हें पुनर्वास गृह भेज दिया गया है। अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने मौके से एक मोबाइल फोन, एक घड़ी और कुल 84,030 रुपये की नकदी के अलावा डेढ़ लाख रुपये से अधिक मूल्य के जाली नोट भी जब्त किए। पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 370 (किसी व्यक्ति को गुलाम के रूप में खरीदना) और अनैतिक व्यापार (रोकथाम) अधिनियम-1956 के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया है। कुछ दिन पहले पहले पुलिस ने ठाणे से एक दंपति को सेक्स रैकेट चालने के आरोप में पकड़ा था। तब पुलिस तीन महिलाओं को छुड़वाया था।**

## कोविड बॉडी बैग स्कैम: ईडी के समन पर नहीं पहुंचीं मुंबई की पूर्व मेयर किशोरी पेडनेकर

### डॉक्यूमेंट्स इकट्ठा करने के लिए मांगा 4 हफ्ते का समय

**मुंबई :** ईडी मुंबई में कोविड काल में बॉडी बैग खरीद में घोटाले की जांच कर रही है. भ्रष्टाचार के इस मामले में ईडी ने मुंबई की पूर्व मेयर किशोरी पेडनेकर को समन किया था. उन्हें बुधवार (8 नवंबर) को ईडी के सामने पेश होना था. हालांकि, पूर्व मेयर किशोरी पेडनेकर ने कोविड-19 बॉडी बैग खरीद घोटाले के संबंध में प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारियों के सामने पेश होने के लिए चार हफ्ते का समय मांगा है. किशोरी पेडनेकर ने कहा है कि ईडी को जो डॉक्यमेंट्स चाहिए, उन्हें इकट्ठा करने के लिए कुछ समय चाहिए. इसका हवाला देकर ही उन्होंने ईडी से चार हफ्तों का समय मांगा है. बुधवार को पूर्व



मेयर के वकील राहुल आरोटे ईडी दफ्तर पहुंचे, जहां पर उन्होंने रिटर्न एप्लीकेशन देते हुए 4 हफ्तों का समय मांगा. हालांकि, अभी तक पूर्व मेयर पेडनेकर के जरिए मांगे गए समय पर ईडी की तरफ से अभी तक कोई जवाब नहीं दिया गया है.

मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध ने शिवसेना (यूबीटी) से आने वाली किशोरी पेडनेकर और बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) के दो वरिष्ठ अधिकारियों के खिलाफ 420 (धोखाधड़ी) और 120 (बी) (आपराधिक साजिश) सहित आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया था. इनके खिलाफ बीजेपी नेता किरीट सौमैया ने केस दर्ज करवाया था. पेडनेकर पर आरोप है कि उन्होंने बीएमसी के जरिए स्वास्थ्य सुविधाओं के प्रबंधन और मृतक कोविड मरीजों के लिए बॉडी बैग, मास्क और अन्य जरूरी चीजों को खरीदने में पैसे का दुरुपयोग किया. पेडनेकर पर आरोप है कि उनके नवंबर 2019 से मार्च 2022 तक के कार्यकाल के दौरान ये अनियमितताएं सामने आई. इससे पहले, पेडनेकर से मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने दो घंटे तक पूछताछ की थी.

## मनपा कर्मियों को मिलेगा 26 हजार दिवाली बोनस



**मुंबई :** मनपा के एक लाख कर्मचारियों को दीपावली का धमाका ऑफर मिला है। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की उपस्थिति में मनपा आयुक्त इकबाल सिंह और मनपा कर्मचारियों की यूनियन नेताओं की हुई बैठक में मनपा कर्मियों को 26 हजार बोनस दिए जाने का निर्णय हुआ। इस साल मनपा कर्मचारियों को पिछले साल के मुकाबले इस साल 3500 अधिक बोनस मिला है। मनपा कर्मियों को बोनस देने पर मनपा की तिजोरी पर 265 करोड़ का भार पड़ेगा। पिछले साल मनपा कर्मियों को 22 हजार 500 रुपया बोनस मिला था। बता दें कि दीपावली का त्योहार शुक्रवार से शुरू हो रहा है। मनपा कर्मियों को अभी तक दीपावली का बोनस को लेकर घोषणा नहीं होने पर राजनीति भी होने लगी थी।

दैनिक रोकठोक लेखनी
खबरें बे-रोकटोक
मुंबई : गुरुवार 09 नवंबर 2023






## संपादकीय / लेख



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

### कब तक चलेगा युद्ध

इजरायल-हमास युद्ध को एक महीना बीत चुका है। हमास आतंकी गुट के कई ठिकाने, कमांड सेंटर 'मलबा' किए जा चुके हैं। कई कमांडरों को ढेर करने के दावे इजरायली सेना कर रही है। हमास की भूमिगत सुरंगों को भी 'मिट्टी' किया जा रहा है। हालांकि इस जमीनी लड़ाई में इजरायल के भी 30 से ज्यादा सैनिक 'शहीद' हो चुके हैं। हजारों टन बारूद की बमबारी की जा चुकी है। मिसाइल, रॉकेट दागे जा रहे हैं। इस अवधि में 10,000 से अधिक मासूम लोग मारे जा चुके हैं। उनमें आधे तो बच्चे होंगे! घायलों का आंकड़ा अनिश्चित है, क्योंकि उनके इलाज करने वाले अस्पताल या तो ध्वस्त किए जा चुके हैं अथवा उनमें दवाइयां, इलाज की सामग्रियां उपलब्ध नहीं हैं। सब कुछ तबाह होता जा रहा है, मानो मानवीय जीवन की कोई कीमत ही नहीं है! हमास के आतंकियों ने 7 अक्तूबर को इजरायल पर अचानक बेरहम हमला किया था। आंकड़े बताते हैं कि उसमें करीब 1500 लोगों का कत्लेआम किया गया। आतंकियों ने 200 से अधिक बेकसूर लोगों को बंधक बनाया था, जिनमें या तो हमास के कब्जे में होंगे अथवा मार दिए गए होंगे! कोई निश्चित सूचना नहीं है। आक्रमण न केवल जारी है, बल्कि हमास के समर्थन में लेबनान के हिजबुल्लाह और यमन के हूती आतंकी संगठन भी युद्ध में उतर आए हैं। वे इजरायल पर हवाई हमले भी कर रहे हैं। अब हमास परमाणु बम की बात भी करने लगा है।

आतंकियों के पास परमाणु बम कहां से आए? ईरान पर संदेह होता है, क्योंकि वह युद्ध की शुरूआत से ही फिलिस्तीन की आड़ में हमास का समर्थन करता रहा है। कल्पना करें कि यदि किसी भी इलाके पर परमाणु बम गिराया गया, विस्फोट सफल रहा, तो विध्वंस कितना होगा? हिरोशिमा और नागासाकी को अभी भूलना नहीं चाहिए। आतंकी किसी अंतरराष्ट्रीय नियम-कानून से तो बंधे नहीं हैं। बेशक इजरायल को अपने नागरिकों की रक्षा करने और उन पर किए गए हमले का पलटवार करने का अधिकार है, लेकिन वैश्विक चिंता और सरोकार यह भी है कि आखिर यह युद्ध कब तक चलेगा? क्या युद्ध अनिश्चितकाल तक जारी रह सकता है? इजरायल ने अपना लक्ष्य तय किया है कि वह हमास का अस्तित्व समाप्त करके ही दम लेगा, लेकिन एक माह के युद्ध के बावजूद हमास अब भी जिंदा है और इजरायल के शहरों पर मिसाइल, रॉकेट दाग रहा है। बेशक इजरायल की सेना और हथियार उच्च तकनीक के हैं। उसकी वायु सुरक्षा प्रणाली भी काफी हद तक अभेद्य है, लेकिन यह युद्ध और खासकर गाजा पट्टी मानवीय संकट का 'कुरुक्षेत्र' बन गया है और अभी युद्धविराम के कोई आसार नहीं हैं। हालांकि अमरीका, भारत और कुछ यूरोपीय देश, अपने मित्र-देश इजरायल को, समझा रहे हैं कि मानवीय हताहतों की संख्या कम की जाए। इजरायल ठोस खुफिया सूचनाओं के आधार पर ही हमले करे, ताकि हमास को ही सीधे निशाना बनाया जा सके। संयुक्त राष्ट्र आम सभा में भी युद्धविराम के पक्ष में प्रस्ताव पारित हो चुका है, लेकिन इजरायल इस बार हमास को बिल्कुल मटियामेट कर देना चाहता है। लेकिन हजारों मासूमों की हत्या करके इजरायल को विरोधी देशों की घेराबंदी में सुरक्षित नहीं माना जा सकता, क्योंकि दुनिया यहूदी बनाम मुसलमान में बंट गई है। कोई भी मुस्लिम और अरब देश खुलेआम हमास को 'आतंकी संगठन' मानने को तैयार नहीं है। अधिकतर ने 7 अक्तूबर के हमले की बर्बरता की भत्र्सना भी नहीं की है। उनके लिए इजरायल ही 'खलनायक' और 'हत्यारा' है। युद्ध से अलग घरेलू स्तर पर विश्लेषण करें, तो इजरायल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू आज भी राजनीतिक तौर पर अलोकप्रिय और अस्वीकार्य नेता हैं। यह युद्ध अब रुकना चाहिए।

+91 99877 75650
editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# हिंदी विद्या प्रचार समिति के कॉलेज ऑफ लॉ की छात्रा ने प्रतिष्ठित प्रजातंत्र ओपन-एड लेखन प्रतियोगिता में दूसरा पुरस्कार हासिल किया



**मुंबई-** एक उल्लेखनीय उपलब्धि में, हिंदी विद्या प्रचार समिति के कॉलेज ऑफ लॉ की बीएलएस एलएलबी द्वितीय वर्ष की छात्रा सुश्री इराद मंसूरी ने प्रतिष्ठित प्रजातंत्र प्रतियोगिता की ऑप-एड लेखन श्रेणी में दूसरा पुरस्कार हासिल किया है। प्रजातंत्र, विभिन्न प्रतियोगिताओं का एक समूह है, जिसका उद्देश्य स्थानीय शासन और शहरी मामलों में अंतर्दृष्टि प्रदान करना है। यह प्रतियोगिता छात्रों के लिए अपने कौशल और विचारों को प्रदर्शित करने, स्थानीय शासन और शहरी विकास की गहरी समझ को बढ़ावा देनेके लिए एक मंच के रूप में कार्य करती है। यह युवा दिमागों को समावेशी और सहभागी शहरी अर्थव्यवस्था बनाने पर चर्चा में योगदान करने का अवसर प्रदान करता है। प्रजातंत्र के इस वर्ष के संस्करण में देश भर के २६ राज्यों और ६ केंद्रशासित प्रदेशों का प्रतिनिधित्व करनेवाले १८०० से अधिक छात्रों ने भाग लिया।

प्रजा फाउंडेशन और नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ अर्बन अफेयर्स द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता को यूएन-हैबिटेट और प्रष्ठेडरिक नौमन फाउंडेशन से समर्थन मिला। इस वर्ष की प्रतियोगिता का विषय ह्यसमावेशी और सहभागी शहरी अर्थव्यवस्थाएँ था, जिसमें समाज के सभी सदस्यों को लाभ पहुँचाने वाली आर्थिक प्रणालियाँ बनाने के महत्व पर जोर दिया गया। सुश्री इराद मंसूरी का ऑप-एड अंश प्रविष्टियों में सबसे अलग रहा, जो उनके असाधारण लेखन कौशल और विषय पर व्यावहारिक दृष्टिकोण को प्रदर्शित करता है ।अपनी खुशी और कृतज्ञता व्यक्त करते हुए, सुश्री इराद मंसूरी ने कहा, ह्यमैं इस मान्यता को पाकर सम्मानितमहसूस कर रही हूं और समावेशी शहरी अर्थव्यवस्थाओं पर चर्चा में योगदान देने के अवसर के लिए आभारी हूं। मैं इस दौरान अपने कॉलेज और संचालन को उनके समर्थन और मार्गदर्शन के लिए धन्यवाद देना चाहती हूं।ह्लसुश्री इराद मंसूरी की उपलब्धि प्रतिभाशाली व्यक्तियों को पोषित करने और प्रतिष्ठित प्रतियोगिताओं में उनकीभागीदारी को प्रोत्साहित करनेके प्रति हिंदी विद्या प्रचार समिति के कॉलेज ऑफ लॉ के समर्पण और प्रति बद्धता को दशार्ती है। कॉलेज इस उपलब्धि पर गर्व करता हैऔर शिक्षा के सभी क्षेत्रों में उत्कृष्टता के लिए प्रयासरत है।

## शिवसेना विभाग प्रमुख सुरेश पाटिल के हाथों गणेश मन्दिर का भूमि पूजन कार्यक्रम संपन्न



**मुंबई (फिरोज सिद्दीकी)** गोवंडी बैंगनवाडी प्लॉट नंबर 18. मे गणेश मंदीर निर्माण का भूमि पूजन शिवसेना विभाग प्रमुख सुरेश पाटिल के हाथों संपन्न हुआ। उपरोक्त अवसर पर शिवसेना वार्ड अधक्षय सिद्धार्थ उस्तुरे ने मंदीर निर्माण करवाने की भागि रथी प्रयास करने की जिम्मेदारी लिया है। जिसका खुले कंठ से पूर्व नगरसेवक तथा शिवसेना विभाग क्रमांक 8 के विभाग प्रमुख सुरेश पाटिल ने सिद्धार्थ उस्तुरे ; तारीफ किया । मीडिया से बातचीत करते हुए कहा की आगामी 2024 के होने वाले विधानसभा चुनावों मे चुनावों जितने के बाद इस मंदीर मे पूजा अर्चना करने जरूर आऊंगा। उपरोख़्त अवसर पर शिवसेना उपविभाग प्रमुख अख्तर शेख सहित बड़ी संख्या मे शिवसैनिक पदाधिकारी सहित कार्य कर्ता उपस्थित थे।


## निशा वोरा द्वारा हीरो पर लिखी गई पुस्तक का विमोचन संपन्न



**मुंबई (फिरोज सिद्दीकी)** हीरो की विभिन्न प्रजातियों समेत उनके संपूर्ण विवरण को लेकर प्रख्यात गुजराती लेखिका निशा वोरा का हीरो के ऊपर लिखित किताब का मुंबई डायमंड मरचंट एसोसिएशन के अधक्षय भारत भाई शाह के हाथों विमोचन संपन्न हुआ मुंबई के बिकेसी डायमंड मरचंट चैंबर एसोसिएशन के कंवोकेशन खचा खच भरे हाल मे ! निशा वोरा ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा की हिरो के ऊपर भारत मे पहली किताब का लोक अर्पण किया गया है ! उपरोख़्त अवसर पर बीडीएम के अनूप मेहता, चेरमेंन विपुल शाह सहित बड़ी संख्या मे हीरो से जुड़ी कंपनियों के गण मान्य अतिथि मौजूद थे !

## मुंबई पुलिस ने दर्ज किया महादेव ऐप के मालिकों सहित अन्य के खिलाफ मामला, 15 हजार करोड़ रुपये के अवैध जुआ और साइबर धोखाधड़ी की शिकायत

**मुंबई :** मुंबई पुलिस ने पहली बार महादेव बेटिंग ऐप के प्रमोटर सौरभ चंद्राकर समेत 31 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। मुंबई पुलिस ने जुआ और धोखाधड़ी की धारा के तहत मामला दर्ज किया है। हालांकि यह मामला महादेव ऐप के बजाय खिलाड़ी एप के खिलाफ दर्ज हुआ है। यह एप भी अवैध सट्टेबाजी चलाने के लिए जाना जाता है। खास बात ये है कि इसके मालिक भी सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल ही हैं। दरअसल सौरभ और रवि ने महादेव एप की सफलता के बाद तकरीबन आधा दर्जन एप बाजार में लांच किया था। जिसमें से एक




खिलाड़ी ऐप है। जिसको लेकर अब मुंबई पुलिस ने शिकायत दर्ज की है।

### कोर्ट के आदेश के बाद दर्ज हुई शिकायत

मुंबई माटुंगा के रहने वाले सामाजिक कार्यकर्ता प्रकाश बनकर ने इस मामले को लेकर कोर्ट में याचिका दाखिल की थी। जिसके आदेश के बाद बनकर की शिकायत पर माटुंगा पुलिस स्टेशन ने मामला दर्ज किया गया है। पुलिस शिकायत के अनुसार ऐप के प्रमोटरों और अन्य आरोपियों ने विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर विज्ञापन प्रसारित किए और लोगों को क्रिकेट, फुटबॉल, टेनिस, कैसीनो, तीन पत्ती आदि जैसे विभिन्न खेलों पर दांव लगाने के लिए प्रोत्साहित किया।



# मुंबई और आसपास के क्षेत्रों में 9 नवंबर से 11 नवंबर के बीच बारिश? मौसम विशेषज्ञों ने जताई संभावना

**मुंबई** : मुंबई में पड़नेवाली गर्मी से मुंबईकरों को जल्द ही राहत मिलनेवाली है। मौसम विभाग ने ९ नवंबर से ११ नवंबर तक बारिश होने की संभावना जताई है। तमिलनाडु, केरल समेत कई इलाकों में बारिश हो रही है। इसी बीच मुंबई और आसपास के क्षेत्रों में ८ नवंबर से ११ नवंबर के बीच बारिश होने की संभावना मौसम विशेषज्ञों ने जताई है। बारिश हुई तो मुंबईकरों को प्रदूषण से राहत मिल सकती है। बारिश के कारण वायु



मंडल में मौजूद कण तत्व सेटल हो जाएंगे, जिससे हवा की क्वॉलिटी भी सुधेरगी। मुंबई में प्रदूषण से यह हाल है कि लोगों का सांस लेना दूभर हो गया है। एक्यूआई गंभीर स्थिति में है। कई इलाकों में धुंध की चादर सुबह से लेकर शाम तक छा रही है। मुंबई में प्रदूषण का मामला हाई कोर्ट भी संज्ञान में ले चुका है और अफसरों को फटकार लगाई है। दिवाली पर आतिशबाजी को लेकर भी नियम जारी होंगे। मुंबई में कंस्ट्रक्शन के कामों पर निगरानी है, कई पर रोक लगा दी गई है। अब बारिश होने से इस धुंध और धूल से मुंबई के लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। मुंबई में रात का तापमान भले ही २४ डिग्री सेल्सियस के नीचे चला गया, लेकिन दिन का तापमान अब भी ३५ डिग्री से ३६ डिग्री के बीच चल रहा है।

# पटाखा विक्रेताओं पर महानगरपालिका की पैनी नजर

**वसई** : दिवाली का त्योहार बस 4 दिन दूर है इसलिए वसई-विरार मनपा प्रशासन ने पटाखा विक्रेताओं के साथ-साथ वायु प्रदूषण फैलाने वालों पर भी कड़ी नजर रखनी शुरू कर दी है. इसके लिए नागरिकों में जनजागरूकता पैदा की जा रही है। प्रशासन ने हरित उत्सव मनाने के लिए एक मिशन की योजना बनाई है जो पर्यावरण के अनुकूल है। विविसीएमसी आयुक्त अनिल कुमार पवार के निर्देश पर सुझाव एवं अपील की सूची घोषित की गयी है` वसई विरार महानगरपालिका द्वारा माझी



वसुन्धरा अभियान के तहत दिवाली का त्योहार पटाखों, कचरे और प्रदूषण से मुक्त मनाने के लिए पटाखों के उपयोग से वचना चाहिए। पर्यावरण अनुकूल, प्रदूषण मुक्त दिवाली मनाने का मिशन शुरू किया गया है। साथ ही शहर में नागरिकों से भी प्रतिक्रिया की उम्मीद जताई गई है, वायु प्रदूषण जलवायु परिवर्तन का एक महत्वपूर्ण कारण है। पटाखों में कार्बन डाइऑक्साइड और सल्फर अधिक होता है। जो जहरीली गैसें उत्सर्जित करते हैं, इन उत्सर्जनों से तापमान बढ़ता है। यह हवा, पौधों, पक्षियों, जानवरों के साथ-साथ मानव प्रजातियों को भी नुकसान पहुँचाता है वसई विरार महानगरपालिका नागरिकों से वायु प्रदूषण को रोकने के लिए खुद से शुरूआत करने की अपील कर रहा है। 125 डीवी (एल) डेसिबल से अधिक शोर पैदा करने वाले पटाखों का निर्माण, विक्री या उपयोग निषिद्ध है।

# 10 साल से रुका हुआ है चेंबूर स्थित सिंधी सोसाइटी का पुनर्विकास...

**मुंबई** : मुंबई में एसआरए के ऐसे कई प्रोजेक्ट्स हैं, जिनका पुनर्विकास कई सालों से अटका हुआ है, कभी बिल्डर फरेबी निकलता है तो कभी कमिटी और बिल्डर के बीच मतभेद के कारण प्रोजेक्ट पूरा नहीं हो पाता है। ऐसा ही एक प्रोजेक्ट मुंबई के चेंबूर में स्थित सिंधी सोसाइटी का है, जिसका पुनर्विकास १० साल से अधिक समय से रुका हुआ है। लोगों का कहना है कि बिल्डिंग जर्जर हो गई है। यदि बिल्डिंग गिरती है तो इसका जिम्मेदार बिल्डर होगा। बता दें कि २००९ में यह प्रोजेक्ट शुरू हुआ था। २०११ में बस्ती तोड़ना शुरू हुआ। २०१२ में मूल जगह से १ किमी दूर ट्रांजिट कैंप बनाया गया।

इस बिल्डिंग का ऑडिट हर ६ महीने में किया जाना चाहिए। साथ ही यदि कोई मेंटेनेंस का काम किया जाता है तो उसकी रिपोर्ट देने के लिए भी कहा गया था। लेकिन २०१२ से लेकर अब तक बिल्डर की तरफ से ऐसा कुछ भी नहीं किया गया। बिल्डिंग में पहले लिफ्ट की सुविधा नहीं थी। बाद में लिफ्ट बनाने की वजह से बिल्डिंग पर



दबाव भी पड़ा और हालत खराब हो गई। सोसाइटी में रहनेवालों का यह आरोप है कि कमेटी मेंबर बिल्डर के साथ मिले हुए हैं इसलिए अब बिल्डिंग के कुछ जिम्मेदार लोगों ने वहां पर मीटिंग लेना शुरू कर दिया है। सोसाइटी में मेंटेनेंस का काम भी रोक दिया गया है। क्योंकि इस वजह से सोसाइटी पर दबाव पड़ सकता है और कुछ हिस्सा गिर भी सकता है। इस बिल्डिंग को लेकर रिपोर्ट भी आरटीआई के जरिए मांगी गई थी।

# ओबीसी समाज को सड़क पर उतरने का आह्वान

**मुंबई** : छगन भुजबल ने ओबीसी आरक्षण को लेकर ओबीसी समाज को सड़क पर उतरने का आह्वान किया था। भुजबल के बयान के बाद कल राज्य के मंत्री शंभुराज देसाई ने कहा कि मराठा आरक्षण के लिए कैबिनेट ने जो फैसला लिया, उसमें यह तय हुआ कि हमारे द्वारा वर्तमान में जातियों के लिए उपलब्ध आरक्षण में खलल नहीं डाला जाएगा। सरकार आरक्षण के उस हिस्से को मराठा समुदाय के साथ साझा नहीं करेगी। छगन भुजबल इस तरह के बयान देकर भ्रम पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं।

छगन भुजबल के बयान के बाद शंभुराज देसाई की प्रतिक्रिया से महागठबंधन के नेताओं के बीच विवाद शुरू हो गया है। शिंदे गुट के नेता शंभुराज देसाई ने आक्रामक रुख अपनाते हुए कहा कि छगन भुजबल भ्रम पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं। उपमुख्यमंत्री अजीत पवार को इस पर ध्यान देना चाहिए।

# दादर कोहिनूर पार्किंग में लगी आग... 18 वाहन जलकर खाक



**मुंबई** : दादर पश्चिम में सेना भवन के पास कोहिनूर सार्वजनिक पार्किंग में सोमवार रात भीषण आग लग गई। इस आग की घटना में 16 चार पहिया और दो दोपहिया वाहन जलकर खाक हो गए। आग की घटना रात ढाई बजे के दौरान घटी थी। आग की जानकारी मिलते ही फायर ब्रिगेड घटना स्थल पर पहुंचे और आग पर काबू पाया। हालांकि इस आग की घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। लेकिन वाहन मालिकों को काफी नुकसान हुआ यह पार्किंग स्थल मनपा जी नार्थ वार्ड कार्यालय के मात्र 2 मिनट की पैदल दूरी पर है। मिली जानकारी के अनुसार दादर पश्चिम में प्लाजा सिनेमा के पीछे कोहिनूर नामक मनपा का पार्किंग स्थल है। इस पार्किंग में कुल 14 मंजिला तक पार्किंग है जबकि 14 मंजिल से 30 मंजिला रहिवासी टावर है।

# फर्जी दस्तावेज जमा कर बैंक से धोखाधड़ी करने वाला महाठग गिरफ्तार

**वसई** : विभिन्न बैंकों में फर्जी दस्तावेज जमा कर बैंक से धोखाधड़ी करने वाला महाठग आरोपी को क्राइम ब्रांच युनिट 3 ने गिरफ्तार करने में सफलता अर्जित की है। महाठग की गिरफ्तारी से 3 अपराध का खुलासा हुआ है। यह कार्रवाई क्राइम डीसीपी अविनाश अंबुरे व एसीपी अमोल मांडवे के मार्गदर्शन में युनिट 13 के पीआई प्रमोद बड़ाख के नेतृत्व में पो.उप निरी. अभिजित टेलर व उमेश भागवत की टीम ने की है। यह जानकारी पुलिस अधिकारी ने मंगलवार को दी है। पुलिस ने बताया कि मीरा भाईंदर वसई विरार पुलिस आयुक्तालय की वित्तीय अपराध शाखा को वरिष्ठों द्वारा जांच के तहत अपराध में वांछित/ भगोड़े आरोपियों का पता लगाने और गिरफ्तार करने का निर्देश दिया गया था। पुलिस के मुताबिक, 22/2/2018 से 19/08/2021 के बीच आरोपी (1) चेतन शहा (2). विनोद मिश्रा, (3). पंकज तिवारी (4) . दिपक शुक्ला द्वारा अपने फायदे के लिए एक-दूसरे से मिलीभगत कर, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड का जानबूझकर धोखाधड़ी करने के




इरादे से झूठे दस्तावेज बनाकर यह जानते हुए कि उक्त दस्तावेज नकली हैं, बैंक को धोखा देने के इरादे से उन्हें बैंक में जमा कर दिया, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड से 29 29, 251 रुपए का ऋण प्राप्त कर बैंक से धोखाधड़ी की। पुलिस ने बताया कि मामले में अनाल सागरी पुलिस स्टेशन मामला पंजीकरण संख्या 273/2021 भारतीय दंड संहिता की धारा 420, 465, 467, 468, 471, 472, 474, 120 (ब) के तहत दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार, तदनुसार पुलिस उपायुक्त अपराध, सहायक पुलिस आयुक्त अपराध द्वारा दिये गये निर्देश एवं आदेशानुसार युनिट 3 की अलग-अलग टीमों का गठन कर अपराध में आरोपियों की तलाश की गयी, तकनीकी विश्लेषण एवं आसूचना के माध्यम से जानकारी प्राप्त कर आरोपी दीपक गुलाब चन्द्र शुक्ला उम्र 34 वर्ष (निवासी मोशी प्राधिकरण, चिखली, पिंपरी चिंचवड, जि. पुणे) को चिखली, पिंपरी चिंचवाड़, पुणे से हिरासत में लिया गया.

# मीरा भायंदर मनपा कर्मियों को मिलेगा दिवाली बोनस



**भाईंदर** : प्रदूषण से घिरे मिरा भाईंदर शहर में आहिस्ता आहिस्ता से प्रकाश का त्यौहार दीपावली की चमक अब दिखाई देने लगी है, मिरा रोड और भाईंदर के बाजार विशेष रूप से ज्वेलरी और कपड़े की दुकानें अब सजने लगी हैं। मिरा भाईंदर मनपा प्रशासन स्वच्छता के प्रति सजग और अभी भी पर्यावरण के प्रति लापरवाह दिखाई दे रहा है। फिलहाल आर्थिक दृष्टि से थोड़ी कमजोर पड़ रही मीरा भायंदर मनपा ने हर साल की तरह इस वर्ष भी मनपा कर्मियों को दिवाली बोनस देने का प्रस्ताव मंजूर किया है। ज्ञात हो कि आस्थापना विभाग के अधिकारीयों के साथ महत्वपूर्ण बैठक में मनपा आयुक्त व प्रशासक संजय काटकर ने यह निर्णय लिया कि बोनस में कोई वृद्धि न करते हुए पिछले साल के ही जितना बोनस इस वर्ष दिया जायेगा। बता दें कि मनपा के बजट में दिवाली बोनस इस वर्ष 4 करोड़ 75 लाख रुपए निर्धारित किया गया है, जिसमें से 4 करोड़ 25 लाख रुपए बोनस के रूप में मनपा कर्मियों को दिए जायेंगे। गौरतलब है कि 1 से 4 श्रेणी के कुल 1,364 अधिकारियों व कर्मचारियों को समान रूप से 24,717 रुपए बोनस के रूप में दिए जायेंगे ।

# एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री से डीपफेक पोर्नोग्राफी वीडियो में 94 फीसदी

**मुंबई** : रश्मिका मंदाना के 'डीपफेक' फोटो से एक बार फिर बहस शुरू हो गई है कि यह तकनीक किस हद तक हस्तियों की जिंदगी में उथल-पुथल मचा रही है और इसे रोकने के उपायों को लेकर सरकार कितनी गंभीर है। दरअसल, हिंदुस्थान ही नहीं, सारी दुनिया डीपफेक एडल्ट कंटेंट से परेशान है। एक रिपोर्ट कें अनुसार, ९४ फीसदी हस्तियां डीपफेक एडल्ट कंटेंट की जद में हैं।



अमेरिका स्थित होम सिक्योरिटी हीरोज की २०२३ स्टेट ऑफ डीपफेक रिपोर्ट के अनुसार, सार्वजनिक हस्तियों, विशेष रूप से मनोरंजन उद्योग से जुड़े लोगों के लिए यह सबसे बड़ा रिस्क बन कर उभर रहा है। डीपफेक तकनीक से चेहरों की अदला-बदली या आवाजें बदलकर फर्जी वीडियो बनाए जाते हैं। रिपोर्ट से पता चलता है कि डीपफेक पोर्नोग्राफी वीडियो में दिखाए गए ९४ फीसदी लोग एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री से जुड़े हैं, जिनमें गायक, अभिनेत्री, सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर, मॉडल और एथलीट शामिल हैं।




# चोरी का आरोपी आजमगढ़ से गिरफ्तार

**ठाणे :** डोम्बिवली के पुलिसकर्मियों के एक दल ने चोरी के एक मामले के संबंध में वांछित अपराधी को उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। कल्याण संभाग में डोम्बिवली के सहायक पुलिस आयुक्त सुनील कुराडे ने बताया कि पुलिस दल ने आरोपी राजेश अरविंद राजभर को उत्तर प्रदेश के



आजमगढ़ से पकड़ा। उन्होंने बताया कि आरोपी ने अगस्त में डोम्बिवली शहर के एक घर में घुसकर 21.26 लाख रुपए के सोने व चांदी के आभूषण चुरा लिए थे। अधिकारी ने बताया कि तफ्तीश के दौरान पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि आरोपी आजमगढ़ के लालगंज गांव भाग गया है और वहां छिप कर रह रहा है। उन्होंने बताया कि तीन पुलिसकर्मियों का एक दल गांव गया और वहां ईंटों के भट्टों में मजदूर के भेष में 10 दिनों तक काम करने के बाद आरोपी को पकड़ लिया गया।

# सरकार में अगर हिम्मत है... तो जातिगत जनगणना कराए - विजय वडेट्टीवार

**मुंबई :** बौद्धिक सूखेपन के कारण अक्सर सरकार प्राकृतिक सूखे की मांग को लेकर भी संवेदनशील नहीं होती है। केवल सत्तारूढ़ दल के प्रतिनिधियों के तालुकाओं में सूखे की घोषणा करके विधायकों की दिवाली को मीठा करने की बजाय सरकार को राज्य में सामान्य सूखे की घोषणा करके राज्य के सभी किसानों की दिवाली को मीठा करना चाहिए। जस्टिस शिंदे समिति द्वारा पूरे महाराष्ट्र में कुनबी जाति का रिकॉर्ड ढूंढने का काम चल रहा है। जब यह कार्य किया जा रहा है तो अन्य पिछड़ा वर्ग सहित सभी जातियों का रिकॉर्ड मंगाकर इसका श्वेत पत्र प्रकाशित किया जाना चाहिए। इस संदर्भ में सरकार जस्टिस शिंदे समिति को निर्देश दे, इसके साथ ही सरकार में अगर हिम्मत है, तो जातिगत जनगणना कराए, ऐसी मांग विधानसभा विरोधी दल नेता विजय वडेट्टीवार ने सरकार से की है। कल विधानभवन में आयोजित पत्रकार परिषद में उक्त मांग की।



वडेट्टीवार ने कहा, राज्य में पानी की भारी कमी है। पानी के लिए पर्याप्त संतुलन नहीं है। आम लोगों और मवेशियों को काफी परेशानी हो रही है इसलिए सरकार को सूखा घोषित कर किसानों की दिवाली मीठी बनानी चाहिए। सरकार ने सत्ताधारी विधायकों के इलाके में सूखा घोषित कर राज्य के किसानों के साथ अन्याय किया है। इससे सरकार का बौद्धिक सूखा उजागर हो गया है। अब सरकार को दूसरे चरण में सूखा घोषित करने की अक्ल आ गई है। लेकिन दूसरे चरण में शेष सत्ताधारी विधायकों के तालुका में सूखा घोषित कर विधायकों की दिवाली मीठी करने की बजाय किसानों की दिवाली मीठी की जानी चाहिए। सरकार को सूखा घोषित करने में राजनीति नहीं करनी चाहिए।

# गरीबों को गुलाम बनाने की है भाजपा की साजिश - नाना पटोले

**मुंबई :** मराठा और ओबीसी समुदाय के बीच दरार पैदा कर राज्य में सामाजिक अस्थिरता पैदा करने की भाजपा द्वारा कोशिश की जा रही है। सरकार के दो मंत्री ही सार्वजनिक रूप से आरक्षण पर अलग-अलग बयान दे रहे हैं। महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नाना पटोले ने मांग की है कि भाजपा और शिंदे सरकार को आरक्षण मुद्दे पर अपनी स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए, क्योंकि सरकार में इस पर कोई सहमति नहीं है।



तिलक भवन में कल मंगलवार को मीडिया से बात करते हुए पटोले ने आगे कहा कि सर्वदलीय बैठक में ओबीसी आरक्षण को नुकसान पहुंचाए बिना मराठा समुदाय को आरक्षण देने का पक्ष रखा गया था, लेकिन ऐसा होता नहीं दिख रहा है। दो समाजों के बीच तनाव पैदा कर जनता का ध्यान महंगाई, बेरोजगारी, सूखा, किसान आत्महत्या, मादक पदार्थों की तस्करी जैसे बुनियादी मुद्दों से भटकाने के लिए माहौल बिगाड़ा जा रहा है। मराठा और धनगर समुदाय को आरक्षण देने का वादा कर उनके वोटों के दम पर भाजपा सत्ता में आई, लेकिन उन्हें आरक्षण नहीं दिया गया। उस समय सरकार का प्रतिनिधित्व करनेवाले महाधिवक्ता आशुतोष कुंभकोणी ने कहा है कि यह तत्कालीन मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ही थे, जिन्होंने उन्हें मराठा आरक्षण के खिलाफ दलील न देने के लिए कहा था। प्रदेश की जनता जानती है कि आरक्षण के खिलाफ याचिका दायर करनेवालों के पीछे कौन है। भारतीय जनता पार्टी आरक्षण विरोधी है, वह आरक्षण खत्म करना चाहती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद कह रहे हैं कि वे गरीब जाति से हैं। यह लोगों को गरीबों और अमीरों को दो जातियों में बांटकर गरीबों को शैक्षिक और आर्थिक रूप से कमजोर और गुलाम बनाने की साजिश है। हालांकि, कांग्रेस इस साजिश को कभी सफल नहीं होने देगी।

पटोले ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का रुख है कि पिछड़ी जातियों को आरक्षण दिया जाना चाहिए। आरक्षण पर चल रही बहस से अगर हमें कोई रास्ता निकालना है तो जातिवार जनगणना कराना और ५० फीसदी आरक्षण की सीमा को हटाना जरूरी है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने बीड़ में हुई आगजनी पर बोलते हुए कहा कि राज्य में कानून-व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। यह स्पष्ट है कि गृह विभाग अपनी जिम्मेदारी ठीक ढंग से निभा नहीं पा रहा है। बीड़ में जो आगजनी हुई है वो तब तक संभव नहीं है, जब तक इसके पीछे कोई ताकत न हो, ऐसी आगजनी बिना किसी राजनीतिक मकसद के नहीं होती है। पटोले ने अंदेशा जताया है कि इन सबके पीछे सरकार हो सकती है। कुनबी प्रमाणपत्र के बारे में बात करते हुए पटोले ने कहा कि सरकार मराठा समुदाय को धोखा दे रही है। यह जाति प्रमाणपत्र केवल तभी जारी किया जा सकता है, जब वंशावली आवश्यक हो। सरकार आज जो कर रही है, वह एक अस्थायी व्यवस्था है।

# मामूली विवाद में युवक की हत्या




**ठाणे :** कलवा स्थित महात्मा फुले नगर परिसर में रविवार की रात मामूली विवाद पर दो नाबालिगों ने एक युवक की हत्या कर दी। मृतक का नाम आकाश निकलजे (23) है। कलवा पुलिस ने मामला दर्ज कर दिनों नाबालिग युवकों को हिरासत में ले लिया है। कलवा पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक कलवा के महात्मा फुले नगर में आकाश निकलजे अपने परिवार के साथ रहता था। नवरात्रि उत्सव के दौरान उसका इसी परिसर के रहने वाले एक 16 वर्षीय लड़के से मामूली बात को लेकर वाद विवाद हो गया था। उसी बात को लेकर रविवार की रात फिर दोनों में वाद विवाद हो गया। दोनों के बीच वाद विवाद इतना बढ़ गया कि नाबालिग युवक ने अपने 17 वर्षीय दोस्त को मौके पर बुला लिया।

# ठाणे से कासारवडवली-गायमुख तक शुरू मेट्रो चार परियोजना को मिली गति...

**ठाणे :** ठाणे से कासारवडवली-गायमुख तक शुरू मेट्रो चार परियोजना को अब गति मिलने लगी है। इस रूट के मेट्रो स्टेशनों का काम भी तेजी से शुरू है। इसी के तहत घोड़बंदर के मानपाड़ा इलाके में मेट्रो स्टेशन के काम के लिए ठाणे पुलिस ने यातायात में परिवर्तन किया है। इसके मुताबिक, मानपाड़ा से तत्वज्ञान विद्यापीठ तक सर्विस रोड पर ट्रैफिक पर रोक रहेगी। इससे इन वाहनों का बोझ मुख्य और वैकल्पिक सड़कों पर आने और भीड़ बढ़ने की संभावना है। ट्रैफिक पुलिस विभाग के डीसीपी विनय कुमार राठोड़ ने बताया कि ये ट्रैफिक बदलाव १५ दिनों के लिए ट्रायल के तौर पर लागू रहेंगे।

बता दें कि घोड़बंदर मार्ग पर मानपाड़ा इलाके में वडाला-घाटकोपर-कासारवडवली मेट्रो ४ लाइन का निर्माण चल रहा है। मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण (एमएमआरडीए) ने घोड़बंदर मार्ग पर मेट्रो लाइन के लिए पिलरों का निर्माण पूरा कर लिया है।



फिलहाल, यहां 'यू' आकार के बीम खड़े किए जा रहे हैं। साथ ही मानपाड़ा इलाके में स्टेशन बनाने का काम भी चल रहा है। मानपाड़ा इलाके में मुख्य सड़क संकरी है। साथ ही यहां से जाने वाली सर्विस रोड भी वाहनों से भरी रहती है। स्टेशन के निर्माण कार्य के दौरान किसी भी दुर्घटना और ट्रैफिक जाम से बचने के लिए ट्रैफिक पुलिस ने बदलाव लागू किए हैं। ट्रैफिक डीसीपी विनय कुमार राठोड़ ने बताया कि ये ट्रैफिक परिवर्तन १५ दिवसीय परीक्षण के आधार पर लागू किए गए हैं। यदि नागरिकों की ओर से कोई आपत्ति या सुझाव हो तो पुलिस ने लिखित रूप में तीन हाथ नाका स्थित ठाणे परिवहन शाखा के कार्यालय में भेजने की अपील की है। डीसीपी राठोड़ ने स्पष्ट किया है कि यदि कोई आपत्ति या सुझाव नहीं है तो यातायात में ये बदलाव अगले आदेश तक जारी रहेंगे।

ठाणे से घोड़बंदर सर्विस रोड से मानपाड़ा, मनोरमा नगर, आर मॉल की ओर जाने वाले वाहनों का विहंग होटल की तरफ प्रवेश पर प्रतिबंध रहेगा। यहां वाहन ढोकली या कापुरबावड़ी से होकर चलेंगे। सर्विस रोड से घोड़बंदर की ओर से तत्वज्ञान विद्यापीठ की ओर जाने वाले वाहन दोस्ती इंपीरिया बिल्डिंग के पास प्रतिबंधित रहेंगे। यहां वाहन खेवरा चौक, डॉ. काशीनाथ घाणेकर वसंत विहार के रास्ते परिवहन करेंगे। मानपाड़ा से तत्वज्ञान विद्यापीठ तक सर्विस रोड पर और तत्वज्ञान विद्यापीठ से मानपाड़ा तक सर्विस रोड पर वाहनों की पार्किंग प्रतिबंधित किया गया है।

# शराब का सेवन कर रही महिला को पुलिस कर्मी ने रोकना चाहा, महिला ने शुरू कर दिया हंगामा...

**पनवेल :** मानसरोवर रेलवे स्टेशन पर शराब का सेवन कर रही महिला को जब एक पुलिस कर्मी ने रोकना चाहा तो महिला ने हंगामा करना शुरू कर दिया। दरअसल रविवार रात करीब 11.40 मिनट पर मानसरोवर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 4 पर तीन अज्ञात लोग अंधेरे में बैठे थे, जिनमें एक महिला और दो पुरुष थे। पुलिस ने देखा कि महिला शराब की बोतल हाथ में लेकर शराब पी रही थी। जब पुलिस अधिकारी और होम गार्ड कर्मी इसके बारे में पूछताछ करने गए, तो उक्त महिला पुलिस अधिकारी पी.



शि-1223/ वायडांडे और होम गार्ड कर्मचारी अतुल गोडसे सनद संख्या -4675 के साथ दुर्व्यवहार करने लगी। महिला ने पुलिस कर्मी का कॉलर पकड़कर गालियां दी और उनका वीडियो निकाल रहे लोगों को भी धमकी दे डाली। सभी लोग कामोठे के रहनेवाले हैं। हालांकि इस घटना के बाद से लोग सवाल कर रहे हैं कि यदि पुलिस ही सुरक्षित नहीं हैं तो फिर आम जनता कैसे सुरक्षित होगी।

# पुल से कार चलती मालगाड़ी पर गिरी

**ठाणे :** कर्जत और पनवेल रेलवे स्टेशनों के बीच मंगलवार सुबह एक कार पुल से चलती मालगाड़ी पर गिर गई, जिससे तीन लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पनवेल पुलिस स्टेशन के एक अधिकारी ने कहा कि दुर्घटना सुबह साढे तीन से चार बजे के बीच उस वक्त हुई जब कार मुंबई-पनवेल रोड पर नेरल की ओर जा रही थी। अधिकारी ने बताया कि मरने वालों की पहचान धमार्नंद गायकवाड़ और उनके चचेरे भाई मंगेश जाधव (46) और नितिन जाधव ( 48 ) के रूप में हुई है।

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : शॉप नंबर ४ , मदीना मेंशन, ८१ ए, कैडल रोड, अपोजिट बिल्लाबोंग स्कूल, माहिम पश्चिम, मुंबई ४०००१६ , महाराष्ट्र मोबाइल नं 998777 5650 व्हाट्सप्प नं 7977408589: Email-editor@rokthoklekhaninews.com